भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड,
भोपालपानी, देहरादून।

संख्याः 6789 /उ0ख0/भू0खनि0नि0/ई–निविदा तकनी0नि0/2023–24, दिनांक 12 मार्च, 2024

तकनीकी निविदा का परिणाम

उत्तराखण्ड शासन, औद्योगिक विकास अनुभाग–1 की अधिसूचना संख्या 977/VII-A-1/2023–24ख/2007, दिनांक 16 जून, 2023 के द्वारा प्रख्यापित उत्तराखण्ड उपखनिज (परिहार) नियमावली, 2023 के अध्याय–4 के नियम–20 (1), (2) एवं (4) में राजस्व नदी तल उपखनिज लॉटों की घोषणा किये जाने, घोषित उपखनिज लॉटों का ई–निविदा सह ई–नीलामी के माध्यम से आवंटन की कार्यवाही के प्राविधानों के दृष्टिगत निदेशालय के कार्यालय ज्ञाप संख्या 4842/ र0ख0ला0/ई0नी0/वि0का0ज्ञ0/ भू0खनि0नि0/ 2023–24, दिनांक 15 दिसम्बर, 2023 के द्वारा विज्ञप्तिकरण हेतु प्रदत्त स्वीकृति के क्रम में कार्यालय के निविदा आमंत्रण प्रपत्र संख्या 4895/UTR_002/भू0खनि0नि0/ई0नीला0/2023–24, दिनांक 19.12.2023 के द्वारा जनपद उत्तरकाशी की तहसील धौन्तरी के ग्राम बडेथ, गलकूल नदी के क्षेत्रान्तर्गत उत्तराखण्ड सरकार वर्ग 10(IV) जलमग्न खसरा नं0 918 मध्ये कुल रकवा 0.209 है0 उपखनिज क्षेत्र हेतु प्रति वर्ष उपखनिज की निकासी की मात्रा 11,286 टन एवं आधार मूल्य रू0 7,90,020.00 निर्धारित करते हुए, उक्त उपखनिज लॉट को नियमावली के नियम 20(2) के प्रावधानानुसार 05 है0 से कम क्षेत्रफल हेतु राज्य के मूल निवासी/निवासियों की समितियों/फर्म/कम्पनियों को 05 वर्ष की अवधि हेतु ई–निविदा सह ई–नीलामी के माध्यम से आवंटन के लिए तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा में इच्छुक बोलीदाताओं हेतु निर्धारित समय–सारणी के अनुसार ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गयी, जिसके क्रम में तकनीकी निविदा निर्धारित तिथि दिनांक 10.01.2024 को खोली गयी, जिसमें 03 अर्ह निविदादाता प्राप्त न होने के कारण निदेशालय के आदेश दिनांक 12.01.2024 के द्वारा उक्त लॉट की निविदा की कार्यवाही को निरस्त करते हुये पुनः निविदा आमंत्रण की अनुमति प्रदान की गयी। पुनः कार्यालय के निविदा आमंत्रण दिनांक 15.02.2024 के द्वारा उक्त उपखनिज लॉट हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गयी, निविदा में अर्ह निविदादाता प्राप्त न होने के कारण निदेशालय के कार्यालय आदेश दिनांक 02 मार्च, 2024 के द्वारा उक्त लॉट की निविदा की कार्यवाही को निरस्त करते हुए पुनः निविदा आमंत्रण किये जाने की अनुमति प्रदान की गयी। निविदा आमंत्रण संख्या 6555/UTR_002/भू0खनि0नि0/ ई0नीला0/2023–24, दिनांक 02 मार्च, 2024 के द्वारा पुनः ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गयी, जिसके क्रम में तकनीकी निविदा दिनांक 12.03.2024 (मंगलवार) को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष निविदा समिति के द्वारा खोली गयी। निविदा समिति की संस्तुति दिनांक 12.02.2024 के अनुसार जनपद उत्तरकाशी की तहसील धौन्तरी के ग्राम बडेथ, गलकूल नदी के क्षेत्रान्तर्गत उत्तराखण्ड सरकार वर्ग 10(IV) जलमग्न खसरा नं0 918 मध्ये कुल रकवा 0.209 है0 उपखनिज क्षेत्र में दिनांक 12.03.2024 (मंगलवार) को खोली गयी तकनीकी निविदा में प्राप्त निविदाताओं का विवरण निम्नवत् हैः–

क्र0सं0	निविदादाताओं का नाम	तकनीकी निविदा का परिणाम
1	2	3
1.	श्री अरविन्द बिष्ट	अभिलेख पूर्ण। उक्त लॉट की निविदा की कार्यवाही 03 बार से अधिक बार किये जाने तथा चतुर्थबार निविदा प्रपत्र की शर्त सं0 18 में अनुभव की शर्त को विलोपित कर दिये के उपरान्त तकनीकी रूप में एक निविदाकार सफल पाये जाने के दृष्टिगत उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति प्रोक्योरमेंट नियमावली, 2017 के नियम–20 के उपबिन्दु 16 के प्राविधान्तर्गत राजस्व हित, रोजगार सृजन एवं खनन सत्र प्रारम्भ होने के दृष्टिगत वित्तीय निविदा में प्रतिभाग करने हेतु सफल घोषित।

अतः निविदा समिति की संस्तुति के अनुसार उपरोक्त वर्णित उपखनिज लॉट की दिनांक 12.03.2024 को खोली गयी तकनीकी निविदा में उपरोक्त तालिका के बिन्दु संख्या 01 में वर्णित निविदादाता को तकनीकी निविदा में स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त निविदादाता की वित्तीय निविदा खोले जाने की अनुमति प्रदान की जाती है।

उक्तानुसार उक्त लॉट की वित्तीय निविदा दिनांक 12 मार्च, 2024 समय अपराह्न 4.45 बजे भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, मुख्यालय, भोपालपानी, देहरादून में खोली जायेगी।

(एस0एल0 पैट्रिक)
निदेशक

संख्याः 6789/उ0ख0/भू0खनि0नि0/ई–निविदा तकनी0नि0/2023–24, तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित :–

1. प्रभारी अधिकारी, आई0टी0 सेल, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्त तकनीकी निविदा का परिणाम www.uktenders.gov.in में अपलोड करना सुनिश्चित करें।
2. उपरोक्त लॉट की तकनीकी निविदा में सफल निविदाकारों की वित्तीय निविदा खोले जाने की तिथि **दिनांक 12 मार्च, 2024 समय अपराह्न 4.45 बजे** खोली जायेगी, जिसमें सम्बन्धित निविदाकारों के द्वारा प्रतिभाग किया जा सकता है।

(एस0एल0 पैट्रिक)
निदेशक